# DEPARTMENT OF BIOTECHNOLOGY

**Ministry of Science &Technology, Govt. of India**

सत्यमेव जयते

## DBT-Junior Research Fellowship (DBT-JRF) in Biotechnology (2020)

## BIOTECHNOLOGY ELIGIBILITY TEST (BET) 2020

Applications are invited from bonafide Indian citizens, residing in India for award of "DBT-Junior Research Fellowship" (DBT-JRF) for pursuing research in frontier areas of Biotechnology and Life Sciences. The candidates will be selected through "Biotechnology Eligibility Test (BET)". Based on the performance in BET, two categories of merit list will be prepared (Category-I and Category-II). Government of India norms for reservation will be followed for selection. Candidates selected under category-I will be eligible to avail fellowship under the programme. These will be tenable at any University/Institute in India where the selected candidate registers for PhD Programme. Candidates selected under Category-II will be eligible to be appointed in any DBT sponsored project and avail fellowship from the project equivalent to NET/GATE, subject to selection through institutional selection process. There will be no binding on Principal Investigators of DBT sponsored projects to select JRF for their project from category-II list. Selection in category-II will not entitle student for any fellowship from DBT-JRF programme.

## ELIGIBILITY

**Qualification:** M.Sc./ M.Tech./ M.V.Sc. or equivalent degree/ Integrated BS-MS/ B.E./ B.Tech. in any discipline of Biotechnology, M.Sc./ M.Tech. Bioinformatics/ Computational Biology, students admitted under DBT supported Postgraduate Teaching Programs. M.Sc. Life Science/ Bioscience/ Zoology/ Botany/ Microbiology/ Biochemistry/ Biophysics and Masters in Allied areas of Biology/Life Sciences**.** Candidates appearing in the final year examination are also eligible to apply.

**Marks:** Minimum 60% marks for General, EWS & OBC category and 55% for SC/ ST/ Differently abled in aggregate (or equivalent grade).

**Age Limit:** Upto 28 years as on the last date of application for General & EWS category. Age relaxation of up to 5 years (33 years) for SC/ ST/ Differently Abled/ women candidates and upto 3 years (31 years) for OBC (Non-Creamy Layer) candidates.

## DETAILS OF THE AWARD

DBT-BET (category-I) entitles a candidate for activation of fellowship subject to joining of PhD Programme and registration from a recognized university or Institute in the country within 2 years from the date of issue of award letter. Registration for PhD is candidate's responsibility

and DBT has no role/ responsibility in this matter. Verification of documents will be carried out for shortlisted candidates. Award letter will not be issued to candidates found ineligible or who submit incorrect documents.

## MODE OF SELECTION

The candidates will be selected by computer based, "Biotechnology Eligibility Test (BET)". A candidate may opt for any three centers of their choice from the options given in the application form. Efforts would be made to allot one of the three opted cities/ centers however, in certain cases a candidate may be allotted a different city/ center due to administrative reasons. No TA/DA will be admissible to any candidate for attending the test.

## MODE OF APPLICATION

For detailed procedure for filling the application form, payment of application fee and uploading of required documents/ certificates in the prescribed format, please visit: http://rcb.res.in/BET2020. A non-refundable and non-transferable application fee of Rs. 1000/-is payable online by General/ OBC/ EWS candidates and Rs 250/- by SC/ ST/ Differently abled candidates.

## IMPORTANT DATES

| EVENT | DATE |
|---|---|
| Online registration start date | **April 20, 2020** |
| Online registration close | **May 18, 2020** |
| BET 2020 | **June 30, 2020 (Tuesday)- Tentative** |
| Display of Question Paper and Answer Key on Website | **June 30, 2020** |
| Last date of accepting representation of any discrepancy in Question paper and Answer Key | **July 3, 2020** |
| Declaration of BET 2020 Results | **July 20, 2020** |

सत्यमेव जयते

# जैवप्रौद्योगिकी विभाग
# विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार

## डीबीटी-जूनियर रिसर्च फैलोशिप (जैवप्रौद्योगिकी)

## जैवप्रौद्योगिकी पात्रता परीक्षा (बीईटी) 2020

भारत में रह रहे मूल भारतीय नागरिकों से जैवप्रौद्योगिकी तथा जीव विज्ञान के अग्रणी क्षेत्रों में शोध शिक्षा हेतु ''डीबीटी-जूनियर रिसर्च फैलोशिप (डीबीटी-जेआरएफ) के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अभ्यर्थियों का चयन ''जैवप्रौद्योगिकी पात्रता परीक्षा (बीईटी) के माध्यम से किया जाएगा। बीईटी में प्रदर्शन के आधार पर मेरिट सूची (श्रेणी-1 और श्रेणी-2) तैयार की जाएंगी। चयन हेतु आरक्षण के लिए भारत सरकार के मापदंडों का अनुपालन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत श्रेणी-1 के तहत चयनित अभ्यर्थी फैलोशिप लेने के पात्र होंगे। ये भारत में किसी भी विश्वविद्यालय/संस्थान में मान्य होंगे जहां चयनित अभ्यर्थी पीएचडी प्रोग्राम के लिए पंजीकृत किए जाते हैं। श्रेणी-2 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थी डीबीटी द्वारा प्रायोजित किसी भी प्रोजेक्ट में नियुक्त किए जाने तथा एनईटी/गेट के समकक्ष परियोजनाओं से फैलोशिप प्राप्त करने के पात्र होंगे बशर्ते इनका चयन संस्थागत चयन प्रक्रिया के अधीन हो। डीबीटी प्रायोजित परियोजनाओं के प्रधान अन्वेषकों पर श्रेणी-2 से अपनी प्रोजेक्ट के लिए जेआरएफ का चयन करने के लिए कोई बाध्यता नहीं होगी। श्रेणी-2 में चयन के परिणामस्वरूप छात्रों को डीबीटी-जेआरएफ प्रोग्राम से किसी भी तरह की फैलोशिप लेने का अधिकार नहीं होगा।

**पात्रता**

**शैक्षिक अर्हताएं:** एम.एससी./एम.टेक./एम.वी.एससी. अथवा जैवप्रौद्योगिकी के किसी भी क्षेत्र में समकक्ष डिग्री/इंटीग्रेटिड बीएस-एमएस/बी.ई./बी.टेक., एम.एससी./एम.टेक. बॉयोइंफॉरमेटिक्स / कंप्यूटेशनल बॉयोलॉजी, डीबीटी से सहायता प्राप्त पोस्टग्रेजुएट शिक्षण प्रोग्राम के तहत प्रवेश प्राप्त छात्र। एम.एससी. लाइफ साइंस/ बायोसाइंस / जूलॉजी / वनस्पति विज्ञान / माइक्रोबॉयालॉजी / बायोकेमिस्ट्री / बायोफिजिक्स तथा बायोलॉजी/लाइफ साइंस के संबद्ध क्षेत्रों में स्नातकोत्तर। अंतिम वर्ष की परीक्षा दे रहे अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र हैं।

**अंक:** सामान्य श्रेणी, ईडब्ल्यूएस तथा अपिव श्रेणी के लिए न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगों के लिए 55 प्रतिशत अंक (अथवा समकक्ष ग्रेड) ।

**आयु सीमा:** सामान्य तथा ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 28 वर्ष। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगों/महिला अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष की छूट (33 वर्ष) तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) अभ्यर्थियों के लिए 3 वर्ष की छूट (31 वर्ष)।

**अवार्ड का ब्यौरा**

डीबीटी-बीईटी (श्रेणी-1) किसी अभ्यर्थी को फैलोशिप शुरू करने का अधिकार प्रदान करती है जो अवार्ड पत्र जारी करने की तिथि से 2 वर्ष के भीतर देश में किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान में पीएचडी प्रोग्राम में प्रवेश तथा पंजीकरण के अधीन है । पीएचडी के लिए पंजीकरण का दायित्व अभ्यर्थी का होता है और इस संबंध में डीबीटी की कोई भूमिका/दायित्व नहीं होता है। छंटनी किए गए अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच की जाएगी। अपात्र पाए गए अभ्यर्थियों अथवा जिन्होंने गलत दस्तावेज जमा करवाए हैं, उन्हें अवार्ड पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

**चयन की विधि**

अभ्यर्थियों का चयन "जैवप्रौद्योगिकी पात्रता परीक्षा (बीईटी)" कंप्यूटर आधारित होगा । अभ्यर्थी के पास आवेदन फार्म में दिए गए विकल्पों में से अपनी पसंद के कोई भी तीन केंद्र चुनने का विकल्प होगा। यह प्रयास किया जाएगा कि अभ्यर्थी को उसके द्वारा विकल्पित तीन शहरों/केंद्रों में से कोई एक आबंटित किया जाए, तथापि, कुछ विशिष्ट मामलों में, किसी अभ्यर्थी को प्रशासनिक कारणों के चलते कोई अन्य शहर/केंद्र आबंटित किया जा सकता है। परीक्षा देने के लिए किसी भी अभ्यर्थी को किसी तरह का टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।

**आवेदन की विधि**

आवेदन फार्म भरने, आवेदन शुल्क का भुगतान तथा निर्धारित प्रपत्र में अपेक्षित दस्तावेज/प्रमाण-पत्र अपलोड करने की विस्तृत प्रक्रिया के लिए कृपया http://rcb.res.in/BET2020 देखें। सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडबल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों को 1000 रू. तथा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को 250 रू. का लौटाया न जाने वाला एवं अहस्तांतरणीय शुल्क का भुगतान करना होगा।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

| **गतिविधि** | **तिथि** |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण शुरू करने की तिथि | **अप्रैल 20, 2020** |
| ऑनलाइन पंजीकरण बंद करने की तिथि | **मई 18, 2020** |
| बीईटी 2020 | **जून 30, 2020 (मंगलवार)- संभावित** |
| प्रश्न-पत्र तथा उत्तर कुंजी का वेबासाइट पर प्रदर्शन | **जून 30, 2020** |
| प्रश्न-पत्र एवं उत्तर कुंजी में किसी प्रकार की विसंगति का अनुरोध प्राप्त करने की अंतिम तिथि | **जुलाई 3, 2020** |
| बीईटी 2020 के परिणाम की घोषणा | **जुलाई 20, 2020** |